# समाज कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(बी.एस.डब्ल्यू.ई. - द्वितीय वर्ष)

# सत्रीय कार्य : 2019-2020

पाठ्यक्रम शीर्षक

बी.एस.डब्ल्यू.ई.–002 : व्यक्तियों और समूहों के साथ समाज कार्य अंतःक्षेप

बी.एस.डब्ल्यू.ई.–004 : परिवार जीवन शिक्षा का परिचय

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः

जुलाई, 2019 सत्र – मार्च 31, 2020

जनवरी, 2020 सत्र – सितम्बर 30, 2020

इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के बी.एस.डब्ल्यू. कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातक होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप हमारी मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधारने के लिए अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकें। बी.एस.डब्ल्यू. कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के बी.एस.डब्ल्यू. अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

बी.एस.डब्ल्यू. द्वितीय वर्ष के लिए आपको बी.एस.डब्ल्यू.ई.-002, बी.एस.डब्ल्यू.ई.-004 और अन्य आधार पाठ्यक्रम के लिए प्रत्येक का एक–एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना होगा।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30% भारित देते हैं। सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।

सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करे, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष है। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़े। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**(डॉ. सायन्तनी गुइन)**
कार्यक्रम संयोजक
email : sayantaniguin@ignou.ac.in
Ph. : 011-29571697

# व्यक्तियों और समूहों के साथ समाज कार्य अंतःक्षेप

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : बी.एस.डब्ल्यू.ई–002**
**कुल अंक–100**

**नोट :** i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) सामाजिक वैयक्तिक कार्य अभ्यास के लिए नैदानिक और कार्यात्मक दृष्टिकोण के बीच अंतर पर चर्चा करें। 20

अथवा

समूह कार्य अभ्यास अंतर्निहित सिद्धांतों की व्याख्या करें। 20

2) यू.के. और संयुक्त राज्य अमेरिका के स्कूल समाज कार्य सेवा के बीच अंतर करें। 20

अथवा

उत्तर–पूर्व में समाज कार्य शिक्षा और अभ्यास की स्थिति पर प्रकाश डालें। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **300** शब्दों में) दीजिए:

i) विशिष्ट साक्षात्कार समस्याओं के प्रमुख कारकों पर संक्षेप में चर्चा करें। 10
ii) विभिन्न परिवेशों में सामाजिक समूह कार्यकर्ता की भूमिका का उल्लेख करें। 10
iii) सुधारात्मक परिवेश में सामाजिक कार्यकर्ताओं के कार्यों का वर्णन करें। 10
iv) सर्वोच्च न्यायालय की रचना, शक्तियों और कार्यों पर प्रकाश डालें। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **150** शब्दों में) दीजिए:

i) सामाजिक वैयक्तिक कार्य में साक्षात्कार के उद्देश्यों की सूची बनाएं। 5
ii) सामाजिक समूह कार्य में अलग–अलग लक्ष्य क्या हैं? 5
iii) उद्योगिक समाज कार्य को परिभाषित करें। 5
iv) सामाजिक विधान की आवश्यकताएं और उद्देश्यों को बताएं। 5
v) जनहित याचिका से संबंधित मुद्दों को सूचीबद्ध करें। 5
vi) भारत एक कल्याणकारी राज्य है। टिप्पणी करें। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (लगभग **100** शब्दों में) लिखिए:

i) साक्षात्कार के मूल नियम 4
ii) ग्राहक को समझना 4
iii) लेन–देन विश्लेषण 4
iv) उपचार समूह 4
v) सांप्रदायिकता 4
vi) संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रम 4
vii) राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान 4
viii) प्रवासन के कारण 4

# परिवार जीवन शिक्षा का परिचय
# सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : बी.एस.डब्ल्यू.ई–004**
**कुल अंक–100**

**नोट :** i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) परिवार जीवन शिक्षा के महत्व और परिवार जीवन शिक्षा में व्यक्ति, परिवार और समुदाय की भूमिका का वर्णन करें। 20

अथवा

यौन स्वास्थ्य शिक्षा के वैचारिक ढांचे पर चर्चा करें। 20

2) विवाह के विभिन्न चरणों में भूमिका परिवर्तन के बारे में चर्चा करें। 20

अथवा

बचपन के विकास पहलुओं का वर्णन करें। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **300** शब्दों में) दीजिए:
   i) यौन स्वास्थ्य शिक्षा में स्कूल और स्कूल शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा करें। 10
   ii) परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों की व्याख्या करें। 10
   iii) विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालें। 10
   iv) विवाह साथी के चयन में मुख्य मापदंड क्या हैं? 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **150** शब्दों में) दीजिए:
   i) विवाह के मुख्य कार्यों को सूचीबद्ध करें। 5
   ii) मास्लो की आवश्यकता पदानुक्रम सिद्धांत पर चर्चा करें। 5
   iii) बचपन के विकासात्मक कार्य क्या हैं? 5
   iv) विभिन्न प्रकार के पारिवारिक पैटर्न की व्याख्या करें। 5
   v) वे कौन सी शर्तें हैं जिनके तहत गर्भावस्था को एमटीपी अधिनियम, 1971 के तहत समाप्त किया जा सकता है? 5
   vi) विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अनुसार तलाक के कुछ आधारों का उल्लेख करें। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (लगभग **100** शब्दों में) लिखिए:
   i) उभयलिंगी व्यक्तित्व (androgynous personality) 4
   ii) बहु विवाह 4
   iii) दहेज हत्या 4
   iv) स्वप्न दोष 4
   v) परिवार गतिशीलता 4
   vi) युवा की अवधारणा और अर्थ 4
   vii) जिम्मेदार पितृत्व 4
   viii) यौन स्वास्थ्य शिक्षा में मास मीडिया की भूमिका 4